# पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

–: आवश्यक सूचना :–

**दिनांक–30.11.2025 को भारत बनाम साउथ अफ्रिका के बीच आयोजित क्रिकेट मैच J.S.C.A. स्टेडियम में निर्धारित है। क्रिकेट मैच के दौरान वाहन पार्किंग/संभावित यातायात अवरोधण हेतु यातायात मार्ग परामर्शी। निम्नांकित रूट में सामान्य वाहनों का परिचालन रहेगा।**

- दिनांक–30.11.2025 को प्रातः 06:00 बजे पूर्वाह्न से रात्रि 10:00 बजे अपराह्न तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। उपरोक्त समयानुसार भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड़ होकर अपने गंतव्य तक परिचालन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नो–इंट्री का समय पूर्ववत रहेगा।
- शालीमार चौक से नार्थ गेट स्टेडियम तक सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेंगा। विशेष परिस्थिति में जैसे एम्बुलेंस एवं चिकित्सा सेवा संबंधी वाहन का परिचालन किया जा सकेगा।
- सुजाता चौक, बिग बाजार कटिंग, राजेन्द्र चौक, मैकॉन चौक, ए0जी0 मोड, पी0एस0 मोड, आईलेक्स कटिंग, हिनू चौक, बिरसा चौक, एच0ई0सी0 गेट, पुराना विधान सभा, धुर्वा गोलचक्कर शहीद चौक, देवेन्द्र मांझी चौक, कडरू ब्रीज, कडरू कटिंग, अरगोड़ा चौक के बीच सभी प्रकार के छोटे/बडे मालवाहक वाहनो/ऑटो/टॉटो एवं सवारी वाहनों का दिनांक 30.11.2025 को समय 06.00 बजे पूर्वा0 से क्रिकेट मैच समाप्ति तक के लिए प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गो को अल्प समय में वाहनों का परिचालान के लिए रूट **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।
- **सैम्बो कैम्प मोड, धुर्वा बस स्टैण्ड** – इन जगहों से आने वाली वाहन को सखुआ मैदान, महाराणा प्रताप सिंह मैदान स्थित पार्किंग में जा सकते हैं।
- **शहीद मैदान एवं नया सराय रिंग रोड, सी0आई0एस0एफ0 कैम्प** – इन जगहों से आने वाली वाहन को हैलीपेड मैदान स्थित पार्किंग में जा सकते हैं।
- **वी0आई0पी0/वी0वी0आई0पी0 वाहन पास :–** भी0आई0पी0 पासयुक्त सभी वाहन शालीमार बाजार, प्रभात तारा मैदान, पारस अस्पताल होकर क्रिकेट स्टेडियम नार्थ गेट के बगल वाले वी0आई0पी0 प्रवेश मार्ग से प्रवेश कर स्टेडियम नार्थ गेट एवं न्यू हाईकोर्ट गेट नं0–02 स्थित पार्किंग स्थल में जा सकेंगे।

- **पासयुक्त वाहन** – क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे।
- **मीडिया पास** – मीडिया पासयुक्त सभी वाहन धुर्वा गोलचक्कर/धुर्वा बस स्टैंड होकर क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे।

**सामान्य वाहन पार्किंग :–**

- सखुआ बागान के पास।
- महाराणा प्रताप सिंह स्कूल मैदान।
- धुर्वा गोलचक्कर मैदान
- DAV स्कूल मैदान।
- जवाहर लाल स्टेडियम पार्किंग।
- मियां मार्केट तीन मुहाना के पास।
- संत थॉमस स्कुल के पास।
- प्रभात तारा मैदान।
- शहीद मैदान।
- हैलीपेड मैदान।

अन्तर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच के समाप्ति उपरान्त शालीमार बाजार–मौसीबाड़ी गोलचक्कर–एच.ई.सी. गेट–बिरसा चौक–हिनू चौक–राजेन्द्र चौक, बिग बाजार, सुजाता चौक मार्ग पर अत्याधिक यातायात दबाव के आलोक में परामर्शी जारी किया जाता है कि उपरोक्त चिन्हित मार्गो के विकल्प में निम्नांकित क्षेत्रों में जाने के लिए उल्लेखित वैकल्पिक मार्ग अपना सकते है। परामर्श दिया जाता है कि यातायात अवरोधण को यातायात अवरोधण से परिवर्जन हेतु तालिका में दर्शाये मार्ग अपनाते हुए अपने गंतव्य तक पहुँचा जा सकता है।

- **रातु, माण्डर, चान्हो क्षेत्र जाने हेतु** – पार्किंग स्थल से तिरिल – कुटे – नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर अपने गंतव्य क्षेत्र तक जा सकते है।
- **नगड़ी, ईटकी, बेड़ो क्षेत्र जाने हेतु** – पार्किंग स्थल से तिरिल – कुटे – नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर से नगड़ी होकर ईटकी, बेड़ो क्षेत्र जा सकते है।
- **कांके, पिठौरिया, ओरमांझी क्षेत्र जाने हेतु** – पार्किंग स्थल से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर तिलता चौक से अपने गंतव्य की तरफ जा सकते है।

- **नामकुम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, मुरी क्षेत्र जाने हेतु** – पार्किंग स्थल से झारखण्ड मंत्रालय होते हुए तुपुदाना, रिंग रोड से नामकुम होते हुए अपने गंतव्य की तरफ जा सकते है।

**रॉंची शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि उक्त कार्यकम के रूट मार्ग में चारपहिया वाहनों का उपयोग ना करें। विशेष परिस्थित में ही चारपहिया वाहनों का उपयोग करें।**

**अनुलग्नक :– मैप साथ संलग्न।**

**पुलिस अधीक्षक, यातायात,**
**राँची।** 28/11/25

ज्ञापांक 2765 / यातायात, पुलिस अधीक्षक, यातायात का कार्यालय, राँची।
दिनांक :– 28 / 11 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. जिला सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, राँची को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि दिनांक– 29.11.2025 एवं 30.11.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु आदेश निर्गत करने की कृपा की जाए।
2. उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकरी, राँची को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. पुलिस अधीक्षक, नगर / ग्रामीण, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वरीय पुलिस उपाधीक्षक, यातायात–प्रथम / पुलिस उपाधीक्षक, यातायात–द्वितीय राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
6. परिचारी प्रवर / परिचारी, यातायात, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
7. सभी यातायात थाना प्रभारी, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
8. वितंतु पर्यवेक्षक, टेट्रा कन्ट्रोल, नगर नियंत्रण कक्ष, राँची को सूचनार्थ एवं निर्देशित किया जाता है कि नो–इन्ट्री अवधि का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**पुलिस अधीक्षक, यातायात,**
**राँची।** 28/11/25


Helipad Parking
High court gate no 2 VVIP Parking
Prabhat tara Parking
St Thomas School Parking
Miya market Parking
DAV Dhurwa Parking
Jawahar Stadium Parking
Dhurwa golchakkar maidan Parking
Maharana Pratap School Parking
Saraswati shishu Vidya mandir Parking
Shakhua Bagan Parking
Shahid maidan Parking
Common Public Route